आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484









बर्ष :13 अंक :387 पृष्ठ -4 दिनांक 29 जनवरी 2025 दिन बुधवार

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में अवकाश घोषित

## मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ के चलते फैसला

प्रयागराज महाकुंभ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. योगी सरकार ने मौनी अमावस्या पर दस करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई है जिसे देखते हुए केंद्रीय प्रशास. निक अधिकरण कैट की प्रयागराज पीठ में भी अवकाश घोषित किया गया है वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ प्रयागराज में 28 व 30 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है. महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर आ रही भारी भीड़ के चलते ये फैसला लिया गया है. इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ प्रयागराज में 28 व 30 जनवरी को बंद रहेगा. इसके बदले में शनिवार 17 मई व शनिवार 23 अगस्त को हाईकोर्ट खुला रहेगा. महा निबंधक राजीव भारती ने जारी की इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है. भीड़ को देखते हुए हा.



ईकोर्ट में छुट्टी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस से छुट्टी करने की मांग की थी. प्रयागराज महाकुंभ की अपार भीड़ व यातायात प्रतिबंधित होने के चलते ये मांग की गई थी. हालांकि सोमवार को हाई कोर्ट खुला था लेकिन आवागमन में परेशानी की वजह से नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव भी रहा. मौनी अमावस्या की भीड़ को देखते हुए केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण कैट की प्रयागराज पीठ में भी अवकाश घोषित किया गया है. कैट बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र नायक ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान पीठ की डिप्टी रजिस्ट्रार कंचन शर्मा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है. जिसके तहत 28 से 30 जनवरी तक पीठ में अवकाश रहेगा. इन छुट्टियों के बदले 5 अप्रैल, 26 अप्रैल और तीन मई कार्य दिवस रहेगा. यूपी सरकार ने मौनी अमावस्या पर दस करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई है, जिसे देखते हुए मेला प्रशासन और प्रदेश सरकार की ओर से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है. कई रास्तों को बंद किया गया है तो वहीं पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन भी घोषित किया गया है. इस दौरान वाहनों के पास को भी निष्प्रभावी किया गया है. भीड़ को देखते हुए नगर क्षेत्र में 12वीं तक के सभी स्कूल भी 28 से 30 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं.

## बरेली सेनेटरी पैड मांगने पर छात्रा को निकालने की घटना पर चंद्रशेखर आजाद बोले- सरकार से की ये मांग

उत्तर प्रदेश के बरेली में बेहद असंवेदनशील घटना सामने आई, जहां परीक्षा देने पहुंची छात्रा को सेनेटरी पैड मांगने पर क्लास से बाहर कर दिया गया और शिक्षिकाओं ने उसकी मदद किए बिना घर भेज दिया. इस घटना पर नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कड़ी आपत्ति जताई है और कहा कि बेटियों का सम्मान और उनकी जरुरतें हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि ये घटना एक छात्रा का नहीं बल्कि पूरे समाज का अपमान है, जो कई गंभीर सवाल खड़े सकती है.आसपा सांसद ने कहा कि श्यह घटना न केवल शर्मनाक है, बल्कि हमारे समाज की असंवेदनशीलता और शैक्षणिक संस्थानों की विफलता का कड़वा सच है. मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे समझने और सम्मान देने की आवश्यकता है. उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के स्कूल में एक छात्रा को न केवल उसकी आवश्यकता के समय मदद से वंचित किया गया, बल्कि उसे अपमान और असहायता के साथ घर भेज दिया गया. यह निंदनीय और अस्वीकार्य है और विद्यालय की जिम्मेदारी से सीधा इनकार है.चंद्रशेखर आजाद ने की मांग उन्होंने इस घटना पर सवाल उठाते हुए कहा कि श्यह घटना गंभीर सवाल खड़े करती है.1. क्या स्कूल और शिक्षण संस्थान ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के असली उद्देश्य को समझ पाए हैं?2. क्या बेटियों को शिक्षा के साथ उनके सम्मान और जरूरतों का ध्यान रखने वाला माहौल मिल पा रहा है?3. क्या इस अभियान का लाभ केवल कागजों और नारों तक सीमित रह गया है? हमारी सशक्त मांगेंरू1. शैक्षणिक संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं. सभी स्कूलों में सेनेटरी पैड की उपलब्धता और एक संवेदनशील शिकायत निवारण तंत्र को अनिवार्य किया जाए.2. मासिक धर्म जैसे विषयों पर शिक्षकों, छात्राओं और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं.3. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.4. दोषी प्रधानाचार्य और शिक्षकों के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि बेटियों के अधिकारों और सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त संदेश मिले.यह घटना केवल एक छात्रा का अपमान नहीं है. यह पूरे समाज के लिए शर्मिंदगी की बात है. ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओष का उद्देश्य तब तक अधूरा रहेगा, जब तक बेटियों को उनकी मूलभूत जरूरतें और सम्मान नहीं मिलेगा. यह अभियान केवल नारों तक सीमित नहीं रह सकताय इसे हर बेटी की जिंदगी में वास्तविक बदलाव लाने का जरिया बनना होगा.यह समय है कि हम अपने वादों को केवल शब्दों तक सीमित न रखें, बल्कि इसे ठोस कार्रवाई में बदलें. बेटियों का सम्मान और उनकी जरूरतें हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए.

## बागपत हादसे में 3 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत, दर्जनों घायल, भगदड़ में पुलिसकर्मियों को भी आई चोट



उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है. यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना मचान ढह गया. इस घटना में करीब 50 से अधिक श्रद्धालु के नीचे दबे होने की आशंका है. इस बीच सूचना है कि हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है. मारे गए लोगों में तरशपाल जैन पुत्र हुकम. चंद 74 साल ,अमित पुत्र नरेश 40 ,उषा पत्नी सुरेंद्र 65, अरुण जैन मास्टर पुत्र केशवरम 48, शिल्पी जैन पुत्री सुनील जैन 25 साल, विपिन पुत्र सुरेंद्र 44, कमलेश पत्नी सुरेंद्र 65 शामिल हैं.वहीं डीएम बागपत अस्मिता लाल ने कहा कि, ष्बड़ौत में जैन समुदाय का कार्यक्रम था. यहां लकड़ी का एक ढांचा गिर गया, जिससे करीब 40 लोग घायल हो गए. 20 लोगों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया, 20 लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है. 5 लोगों की मौत हो गई है. कैसे हुआ हादसा? दरअसल, यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी रोड पर मंगलवार सुबह हुआ. मानस्तम्भ परिसर में बल्ली से बना मचान अचानक ढह गया, इस दौरान कई लोग उसके नीचे दब गए. इतना ही नहीं, घटना के बाद मौके पर भगदड़ भी मच गई.वहीं, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया. बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 6–7 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. घायलों की संख्या बढ़ सकती है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले की जानकारी मिलते ही डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है.बागपत के एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया, बड़ौत थाना क्षेत्र में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था.जैन समुदाय द्वारा मंदिर में लड्डू चढ़ाने का कार्यक्रम था. कुछ लोग बल्ली से बने मचान पर चढ़े हुए थे, तभी वह टूटकर गिर गया और 25 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कुछ लोगों को सामान्य चोटें आई हैं. सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में हुए हादसे का संज्ञान लिया. सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश हैं. साथ ही उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के भी निर्देश दिए. इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है.

## 2 फरवरी को तय होगी बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख, 30 अप्रैल से शुरू होगी चार धाम यात्रा

विश्वप्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि बसंत पंचमी यानी रविवार को नरेंद्र नगर राजदरबार में पंचाग गणना पश्चात तय होगी. वहीं इस साल उत्तराखंड चारधाम यात्रा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से शुरू हो जायेगी. श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि निश्चय हेतु रविवार 2 फरवरी साढे 10 बजे से नरेंद्र नगर राजदरबार में धार्मिक समारोह शुरू होगा.उन्होंने बताया कि विधिवत पूजा अर्चना तथा पंचाग गणना पश्चात श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की जायेगी. इसी दिन तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा की तिथि भी निश्चित कर दी जायेगी. श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करने हेतु राजमहल नरेंद्र नगर और श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी है.प्रतिनिधि करेंगे सुपुर्द इससे पहले 30 जनवरी को मंदिर समिति श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत को तेल कलश गाडू घड़ा सौपेंगी. योगबदरी पांडुकेश्वर और श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में पूजा–अर्चना पश्चात पंचायत के प्रतिनिधि घड़े को 2 फरवरी को राजमहल के सुपुर्दकरेंगे. बाद में इसी कलश में निर्धारित तिथि पर रा. जमहल से तिलों का तेल पिरोकर कपाट खुलने के दिन श्री बदरीनाथ धाम पहुंचता है. कपाट खुलने की तिथि निश्चित होने के समारोह में महाराजा मनुजयेंद्र शाह, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राजकुमारी शिरजा शाह, राजपुरो. हित कृष्ण प्रसाद उनियाल, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, सहायक अभियंता विपिन तिवारी, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट सहित डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत पदाधिकारी, संतगण और श्रद्धालुजन मौजूद रहेंगे. श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शिवरात्रि बुधवार 26 फरवरी श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पंचाग गणना पश्चात रावल, धर्माधिकारी वेदपाठी तय करेंगे. उल्लेखनीय है कि इस साल चारधाम यात्रा वर्ष की शुरुआत बुधवार 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से हो जायेगी. परंपरागत रूप से श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुल जायेंगे.श्री गंगोत्री मंदिर समिति द्वारा हिंदू नव वर्ष गंगोत्री धाम के कपाट खुलने और श्री यमुनोत्री मंदिर समिति द्वारा यमुना जयंती पर यमुनोत्री धाम के औपचारिक रूप से कपाट खुलने के समय और देव डोलियों के धाम पहुंचने के कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी. इसी के साथ उत्तराखंड चार धाम यात्रा की तैयारियां शुरू हो जायेगी. इसी तरह द्वितीय केदार मद्महेश्वर और तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि बैशाखी के दिन तय होगी.

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी ज्यादा है प्रयागराज का किराया! 50 हजार रूपये में मिल रही 1 सीट

प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. जिसमें देश–विदेश से श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने आ रहे हैं. प्रयागराज तक आने के लिए विमानन कंपनियों के किराए आ. समान छूने लगे हैं. अमृत स्नान के अवसर पर एक तरफ के टिकट की कीमतें 50 हजार रुपये तक पहुंच गईं हैं. स्थिति यह है कि दिल्ली से प्रयागराज के लिए अगर आप 28 जनवरी को जाने और 29 फरवरी का रिटर्न टिकट देखते हैं तो कीमतें 50 हजार के करीब पहुंच गईं हैं. यानी 1 सीट की कीमत आपको 50 हजार के करीब अदा करनी होगी. इसी तारीख में अगर आप दिल्ली से लंदन का किराया देखें तो 1 सीट का किराया 60–70 हजार रुपये के आसपास हैं. इस बीच प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सवाल उठाए और कहा कि सरकार को हवाई किराये पर स्थाई नियंत्रण रखना चाहिए.राजा भैया ने जहां महाकुंभ के लिए प्रयागराज आने वाले विमानों की संख्या बढ़ाने पर खुशी जताई तो वहीं हवाई कंपनियों द्वारा ज्यादा किराये लिए जाने को लेकर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि श्प्रयागराज में महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिये विमानन सेवाओं में वृद्धि का समाचार सुखद रहा किन्तु इतना महँगा किराया देखकर लग रहा है कि कम्पनियों का लक्ष्य अवसर का लाभ उठाते हुये अपनी जेबें भरना है, यात्रियों की सुविधा नहीं. राजा भैया के अलावा राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भी इसको लेकर सवाल उठाए हैं. आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है. उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैंपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें. उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है. सांसद ने कहा कि आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं.उन्होंने कहा, मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है. सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था. आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है.सांसद ने कहा कि यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं. ऐसे में लाखों श्रद्धालु जो महाकुंभ जाना चाहते थे, आज उन्हें नि. राश होना पड़ रहा है. यह कंपनियां फायदे के चक्कर में ठीक नहीं कर रही हैं.

## काशी में भी महाकुंभ जैसी भीड़, देर रात तक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के पावन अवसर पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान कर लिया है. एक अनुमान के मुता. बिक वाराणसी काशी के अलग–अलग धर्मस्थलों पर भारी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ से आकर दर्शन करते देखे जा रहें हैं. स्थिति यह है कि ब्रह्म मुहूर्त से लेकर देर रात तक 2 किलोमीटर से भी लंबी कतार मंदिर परिसर के बाहर देखी जा रही है. मंदिर प्रशासन की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया है और आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है.

## अखिलेश यादव के कुंभ स्नान पर बोले शिवपाल यादव, महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर दी प्रतिक्रिया

औरैया जिले में पीडीए के एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शामिल पहुंचे. महाकुंभ मेले पर अखिलेश यादव द्वारा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए को लेकर शिवपाल सिंह यादव ने समर्थन किया. वहीं बीजेपी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सरकार में बहन–बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. थाने तहसीलों में दलालों को महत्व मिलता है. बीजेपी सरकार में केवल अफसर शाही ही चल रहा है. सपा की सरकार बनने पर गरीबों–किसानों कार्यकर्ता की बात होगी, 2027 में बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकना है.शिवपाल सिंह यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राज्य में बहन–बटियां कहीं पर भी सुरक्षित नहीं है और समाजवादी पार्टी के राज्य में अगर कहीं पर बहन बेटियों पर परेशानी होती थी तो तुरंत उनके खिलाफ कार्रवाई होती थी. अब तो छूट है, गुंडे, अपराधियों और दलालों को थानों में तहसीलों में हर जगह दलाली हो रही है. बीजेपी के मुख्यमंत्री बराबर सपा पर सवाल उठाते हैं.व्यवस्था पर उठाए सवाल सपा नेता ने कहा कि सपा ने विकास का काम किया था, कभी बाटने का काम नहीं किया था. बीजेपी समाज को तोड़ने का काम करती है. कुंभ को लेकर कहा कि अखिलेश यादव कुंभ में स्नान करने गए, देखिए यह कुंभ मेला है स्नान करने गए हुए ज

# सेराजेम इंडिया के 20 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सुन्दर कांड एवं भंडारा

## सेराजेम थेरेपी कैंप में 308 लोगों ने कराई निशुल्क थेरेपी

अलीगढ़ः सेराजेम इंडिया के सफलतम 20 वर्ष पूर्ण होने पर रामघाट रोड स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के. सामने सेरा. जेम थेरेपी सेंटर पर जहां एक ओर संगीतमई सुन्दरकाण्ड में हनुमत भक्ति में भक्त डूबे नजर आये वही इस अवसर पर चले भण्डारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । सेराजेम निशुल्क थेरेपी सेंटर के निदेशक संदीप पांडे के अनुसार सेराजेम थेरेपी के निशुल्क कैंप में 308 व्यक्तियों ने सेराजेम थेरेपी का लाभ भी लिया । सुन्दर कांड से पूर्व चले स्वागत कार्यक्रम में भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक एवं दीपिका वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया । इस अवसर पर निदेशक संदीप पांडे ने इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी भी सेराजेम थेरेपी से नया जीवन प्राप्त कर सकते हैं । सभी असाध्य रोगों की जड़ है आपकी रीढ़ की हड्डी । बचपन मे जिस प्रकार से माँ अपने बच्चे की कमर एवं रीढ़ की हड्डी की मालिश सुबह की गुनगुनी धूप में करती हैं जिससे बच्चा स्वस्थ रहता है । अगर उसी तरह से युवावस्था में भी आपकी स्पाइन की मालिश की जाए और सुबह की धूप में बैठा जाए तो आप लम्बा स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । लेकिन आज कल इस तेज दौड़ भाग की जिंदगी में यह मुमकिन नही हो पा रहा है और आम व्यक्ति बुढ़ापे तक पहुँचते पहुँचते कई बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है । सेराजेम थेरेपी आपकी स्पाइन पर हीट एवं मसाज का



काम करती है । सेराजेम से निकलने वाली एफ आई आर रेज मनुष्य जीवन के लिए जीवन दायनी होती हैं । आम तौर पर दवाएं रोग को जड़ से दूर नही करती हैं और रोग को दबाने का ही कार्य करती हैं जबकी सेराजेम थेरेपी रोग को जड़ से भगाने का कार्य करती है । सेराजेम डायरेक्टर संदीप पांडे ने बताया कि सेराजेम थेरेपी के निशुल्क रजिस्ट्रेशन आप अब कभी भी करा सकते हैं । सेराजेम थेरेपी का यह कार्य रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक यूँ ही चलता रहेगा । रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यक्तियों को 100 दिन की सेराजेम थेरेपी निशुल्क दी जायेगी । थेरेपी करने वाली इच्छुक व्यक्ति दो सफेद चादर साथ लाएं । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निदेशक संदीप पांडे , बृजेश तिवारी , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, दीपक पौल , दुष्यन्त शर्मा , नूरी कुरैशी , निशा भारद्वाज , लतेश ठाकुर , मधु भारद्वाज, सोनम , दीपिका वार्ष्णेय , सुशील वार्ष्णेय ,राजकुमारी , बिंदु केला , विमलेश , चंद्र प्रकाश वर्मा , योगेंद्र पाल सिंह , दलवीर सिंह गोपाल शर्मा , आशा वार्ष्णेय , चंद्रकांता , विजय वार्ष्णेय , चंद्र देव शर्मा ,शांति स्वरूप ,उषा गुप्ता ,रामबेटी भूपेंद्र सिंह , रोहित शर्मा, विनीता सिंह , सुशीला सैनी, आर सी गुप्ता , आकांक्षा शर्मा , प्रीति शर्मा , प्रणय शर्मा , रश्मि वर्मा , रविंद्र कुमार ,राजेश गर्ग , बद्री प्रसाद, कृष्ण गोपाल , कुलदीप गुप्ता , दीपक वार्ष्णेय, राखी गुप्ता , अवधेश कुमार सिंह, अर्जुन शर्मा , भूपाल सिंह, कादम्बिनी, गिरिराज किशोर, पूजा वार्ष्णेय , रश्मि सिंह, कंबल जीत कौर , कुंती देवी , अशोक तोमर ,सुमन , निर्मला वार्ष्णेय , प्रीति शर्मा , अशोक तोमर, मुकेश कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे ।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय बैठक संपन्न

अलीगढ़ मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर निर्देशित किया कि किसी योजना या विभाग की खराब रैंकिंग से मण्डल की रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा में माह दिसंबर में अलीगढ़ 33, हाथरस व कासगंज 30 एवं एटा 19 वें स्थान पर पाया गया। उन्होंने कहा कि जो विभाग नीचे की रैंक में हैं वह सुधार करते हुए ए प्लस और ए में आने के लिए कार्ययोजना तैयार कर धरातल पर कार्य करें। किसी भी विभाग की ए से कम की रैंक न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंकडेबाजी में न फसते हुए पात्र एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए धरातल पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको शासकीय सेवा में रहते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने का मौका दिया है ऐसे में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर व्यक्तिगत रूचि के साथ शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विभाग में हुए अच्छे कार्यो का भी ब्यौरा उपलब्ध कराएं ताकि शासन स्तर से पुरस्कृत किया जा सके जिससे और अधिकारी भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हों।समीक्षा में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू एवं निवेश प्रस्तावों के धरातल पर क्रियान्वयन के संबंध में जेसी इंडस्ट्रीज बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अलीगढ़ में 276 प्रस्ताव ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किए गए थे, जिनमें से 253 निवेशकों ने ईकाई स्थापना पर सहमति व्यक्त की है और 203 निवेशकों द्वारा ईकाई स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हाथरस में कुछ निवेशकों को यमुना एक्सप्रेस वे अथॉरिटी से एनओसी नहीं मिल पर रही है जबकि कासगंज में भी कुछ स्थानों पर भूमि विवाद है। कमिश्नर ने सभी सीडीओ को निर्देशित किया कि सभी निवेश प्रस्तावों को वन–टू–वन मॉनिटर करते हुए अधिकाधिक निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारें। जीरो पॉवर्टी योजना की समीक्षा में उप निदेशक पंचायत अमरजीत सिंह ने बताया कि मण्डल में



57650 के सापेक्ष 8860 परिवारों का सत्यापन किया जाना है। मण्डलायुक्त ने अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को प्राथमिकता से सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में अपर निदेशक पशुपालन डा0 प्रमोद कुमार ने बताया कि मण्डल में 224 गौआश्रय स्थल हैं। 24 वृहद गौसंरक्षण केंद्र में से 15 संचालित और 09 निर्माणाधीन हैं। मण्डल में 67786 गौवंशों का संरक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गौवंश सहभागिता योजना में 10304 के सापेक्ष 12614 गौवंशों को पात्र किसानों को दिया गया है। मण्डलायुक्त ने नंद बाबा मिशन के तहत प्राप्त आवेदनों को धरातल पर क्रियान्वित करने के साथ ही योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए।मण्डलायुक्त ने केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की खराब प्रगति पर विद्युत एवं नेडा विभाग को आमजन में योजना के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि अपने बड़े उपभोक्ताओं की सूची नेडा विभाग को उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें मोटिवेट कर योजना से लाभान्वित किया जा सके। पीएम आवास योजना में अलीगढ़ में 1273, हाथरस में 1200, एटा में 952 एवं कासगंज में 650 लोगों की सूची पोर्टल पर अपलोड होना पाया गया। जल जीवन मिशन में कासगंज सी, हाथरस ई जबकि अलीगढ़ व एटा डी श्रेणी में होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं से आपसदारी बंद करें और व्यावसायिक संबंध रखें। उन्होंने सभी सीडीओ को प्रति सप्ताह कार्यवार योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा में करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समय सीमा के अंदर निस्तारण किया जाए कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं आना चाहिए। मण्डल में 05 प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में पाए गए।मण्डलायुक्त ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में सैम एवं मैम बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय से विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एनआरसी को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए और यदि किसी स्थान विशेष पर सैम और मैम बच्चे पाए हैं तो उसे चिन्हित करें। उन्होंने सेतुओं एवं नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा में भुगतान लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में भुगतान लंबित होना लापरवाही का द्योतक है। उन्होंने आवंटित एवं व्यय धनराशि की स्थिति स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई–ऑफिस प्रणाली को मण्डल स्तर पर भी लागू किया जाना है ऐसे में सभी विभाग निर्धारित प्रारूप पर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने भ्रमण के दौरान बुधवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएनडी दिवसों का भी निरीक्षण करें ताकि इनकी सार्थकता सिद्ध हो सके। इसके साथ ही बैठक में फैमिली आईडी, खाद्यान की सिंगल स्टेप डिलीवरी, छात्रवृत्ति एवं पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार–विमर्श कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गएबैठक में अपर आयुक्त अरूण कुमार, बी0के0 सिंह, डीएफओ नवीन पी0 शाक्य, सीडीओ एटा डा0 एनएन मिश्र, सीडीओ कासगंज सचिन, सीडीओ हाथरस सुरेश चन्द्र, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी अनुला वर्मा समेत अन्य मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने जिले की युवा निशानेबाज अरीबा खान को किया सम्मानित

अलीगढ़ निशानेबाजी में रानी लक्ष्मी बाई पुरुस्कार से सम्मानित अलीगढ़ की बेटी अरीबा खान को मण्डलायुक्त संगीता सिंह एवं एडीए वीसी अपूर्वा दुबे ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुष्प् माला पहनाकर सम्मानित किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि आपकी उपलब्धि निश्चित रूप से मण्डल की अन्य बेटियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी होगी। आपने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को नया आयाम दिया है। मण्डलायुक्त से वार्ता के दौरान अरीबा खान ने बताया कि उन्हें पेंटिंग का भी शौक है। अरीबा खान की उपलब्धियांअलीगढ़ के आजाद नगर निवासी प्रतिभाशाली और समर्पित निशानेबाज अरीबा खान को वर्ष 2023–24 के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा खेल के क्षेत्र में प्रशंसनीय उपलब्धि एवं शूटिंग में विशिष्ट कौशल की सराहना के लिए प्रतिष्ठित रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। विदित रहे कि 19 नवंबर 2001 को अलीगढ़ में जन्मी अरीबा खान ने अपनी प्रभावशाली उपलब्धियों के साथ खुद को एक शीर्ष



स्तरीय निशानेबाज के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 21 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 के ओलंपिक क्वालीफायर शामिल हैं। उन्होंने 7 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिसमें विश्व चौम्पियनशिप में रजत पदक और अंतर्राष्ट्रीय जूनियर शॉटगन कप में स्वर्ण पदक शामिल है। उन्होंने 10 राष्ट्रीय पदक भी हासिल किए हैं, जिसमें एक जूनियर नेशनल चौंपियन का खिताब और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में कई पदक शामिल हैं। 2013 में अपने कैरियर की शुरुआत करते हुए, अरीबा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदकों के साथ तेजी से प्रमुखता से उभरीं। तब से उन्होंने आईएसएसएफ विश्व कप, विश्व चौंपियनशिप और एशियाई चौंपियनशिप सहित दुनिया भर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और लगातार शीर्ष रैंकिंग और पदक अर्जित किए हैं। विशेष रूप से वह 2019 में भारत की शीर्ष क्रम की निशानेबाज बनीं और ट्रैप और स्कीट दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय टीम का एक अभिन्न अंग रही हैं। उनकी उपलब्धियों में व्यक्तिगत और टीम की सफलताएं शामिल हैं, जिसमें 2024 में 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चौम्पियनशिप में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक शामिल हैं। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन एवं पिता मा0 खालिद खान भी उपस्थित रहे।

## अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी .अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।उन्होंने नवीन दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश बेबसाइट Shadianudan-upsdc-gov.पद पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## अलीगढ़ में पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़ । हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का एक ऐसा मामला संज्ञान में आया है जहां शिकायत पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को ही गांव के कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गयाआपको बता दें कि पुलिसकर्मी एक महिला की शिकायत पर गांव पहुंचे थे. हमले में पीआरवी के दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए. वहीं पुलिस ने दबिश की कारवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस के मुताबिक, हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने देर रात डायल 112 पर छेड़खानी की शिकायत की थी. इस पर पीआरवी–752 के पुलिसकर्मी अजयवीर और विशाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला से घटना की जानकारी ले रहे थे. इसी दौरान कुछ आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर लाठी–डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया. अचानक हुए इस हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. बाकी अन्य ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी थाने को दी. सूचना मिलते ही हरदुआगंज थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. अतरौली पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्जना सिंह ने बताया कि हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी की सूचना पर गई पुलिस टीम के साथ मारपीट और अभद्रता की गई. इस घटना में तीन आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है. पुलिस ने महिला की शिकायत और पुलिसकर्मियों पर हुए हमले के संबंध में अलग–अलग रिपोर्ट दर्ज की है. इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके. पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है, ताकि हमले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हो सके.

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्री सीरियल्स घटक) योजनान्तर्गत 30 जनवरी को आयोजित होगा रोड शो

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्री सीरियल्स घटक) योजनान्तर्गत आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रोड शो को 30 जनवरी प्रातः 09 बजे कलैक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोड शो कलैक्ट्रेट से सेंटर प्वाइंट, मैरिस रोड, केला नगर चौराहे से होते हुए क्वार्सी कृषि फार्म परिसर पर समाप्त होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन से अनुरोध किया है कि वह रोड़ शो में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने पूरी कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण पाया

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने पूरी कार. 'वाई को दुर्भावनापूर्ण पाया। जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर विधि विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा दिशवार को पद से हटाया गया था। यह रिपोर्ट एक एसडीएम और सीओ की जांच समिति की सिफारिशों पर आधारित थी।बोले– बचाव का मौका नहीं मिला हाईकोर्ट ने पाया कि आरोपों की पुष्टि के लिए प्रस्तुत वीडियो की प्रामाणिकता संदिग्ध थी। जांच समिति यह स्पष्ट नहीं कर पाई कि उन्हें यह वीडियो कहां से मिला। दिशवार के वकील अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनके मुवक्किल को आरोपों से बचाव का मौका भी नहीं दिया गया।



कोर्ट ने माना कि दिशवार को हटाने के लिए अस्पष्ट और असत्यापित सबूतों का सहारा लिया गया।कोर्ट ने इसे अनुचित माना हालांकि प्रतिवादी ने बताया कि एक नया एडीजीसी पैनल पहले ही नियुक्त किया जा चुका है, लेकिन कोर्ट ने इसे अनुचित माना। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन सप्ताह के भीतर दिशवार को पद पर बहाल करें। दिशवार की ओर से पैरवी हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने की।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला आया सामने

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। गांव महौं के पास सड़क पर मिले शव की पहचान बघराया गांव के 36 वर्षीय राजेंद्र के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर पीठ और चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं।घटना की जानकारी के अनुसार, राजेंद्र कल शाम को घर से थोड़ी देर में लौटने की बात कहकर निकला था। जब वह देर रात तक नहीं लौटा, तो परिवार चिंतित हो गया। आज सुबह गांव महौं के पास सड़क पर एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया गया।पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिन्होंने शव की पहचान राजेंद्र के रूप में की। मृतक मेहनत–मजदूरी करके अपना और अपने तीन बच्चों का पालन–पोषण करता था। परिवार का आरोप है कि यह हत्या का मामला है।पुलिस कर रही जांच पड़ताल....पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## गेहूं–चावल मिले कम, बाजरा मिला ज्यादा, मुकदमा दर्ज

ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की जाती है। इस आधार पर राशन डीलर ने इस दुकान के निल. 'बन की संस्तुति की।कोतवाली जंक्शन क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारकों से अंगूठा लग. वाकर खाद्यान्न न देने और स्टॉक कम पाए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। उचित दर विक्रेता की दुकान का ला. इसेंस निलंबित कर दिया गया है।समीक्षा में सामने आया था कि जहांगीरपुर के उचित दर विक्रेता लालाराम द्वारा महज 31 फीसदी खाद्यान्न का वितरण किया गया। इस आधार पर पूर्ति निरीक्षक श्यामबाबू ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि इस दुकान का संचालन नाती अर्जुन सिंह द्वारा किया जा रहा है। मौके पर 48 कट्टा गेहूं और 43 कट्टे चावल कम पाया गया। 9 कट्टा बाजरा अधिक पाया। ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किए गए।ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की जाती है। इस आधार पर श्याम बाबू ने इस दुकान के निलंबन की संस्. तुति की। डीएसओ ध्रुवराज यादव ने बताया कि उचित दर विक्रेता की दुकान को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

## हाथरस डिपो की 65 में से 62 बसें .महाकुंभ के लिए रवाना कर दी गई

मौनी अमावस्या के शाही स्नान से पहले दूसरे डिपो के साथ हाथरस डिपो की 65 में से 62 बसें महाकुंभ के लिए रवाना कर दी गई हैं, जिससे मार्गों पर बसों की किल्लत गहरा गई है। दो–दो घंटे के इंतजार के बाद यात्रियों को बसें मिल रही हैं। यह बसें भी पहले से ही खचाखच भरकर आ रही हैं, जिससे इनमें सवार होने के लिए मारामारी मच रही है।बस स्टैंड और अन्य स्टॉपेज पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पहले से ही खचाखच भरकर आ रहीं बसों के चालक बसें रोक ही नहीं रहे हैं। यात्रियों को बसों के पीछे दौड़ लगानी पड़ रही है, फिर भी उन्हें बस पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल रही। सोमवार की सुबह बस न मिलने से बस स्टैंड पर सैकड़ों यात्री परेशान नजर आए। इनमें बड़ी संख्या में कामकाजी लोग, विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोग शामिल थे।एक–एक घंटे तक बस न मिलने से इनमें नाराजगी नजर आई। समय ज्यादा होने से ज्यादातर नौकरी पेशा और कामकाजी लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ गया, जबकि कुछ प्राइवेट वाहनों के जरिये गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आए। कई डग्गेमार वाहनों में तो यात्री मजबूरी में भूसे की तरह लदकर यात्रा करते नजर आए। डग्गेमार वाहन चालकों ने भी यात्रियों की मजबूरी का पूरा फायदा उठाया और निर्धारित से दोगुना तक किराया वस. ूलकर उन्हें गंतव्य तक पहुंचाया।द. रअसल, हाथरस डिपो की बसों को गोरखपुर के गोला और बिहार सीमा के लार से श्रद्धालुओं को प्रयागराज में महाकुंभ तक पहुंचाने के लिए भेजा गया है। हालांकि सवारियां कम होने से दो दिन पहले 15 बसें लौट आई थीं,



जिससे यात्रियों को थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब मौनी अमावस्या से पहले इन बसों को फिर वहीं रवाना कर दिया गया है। नतीजा, अब फिर मार्गों पर बसों का गंभीर संकट खड़ा हो गया। चूंकि हर डिपो से बसें कुंभ में गई हैं, इसलिए दूसरे डिपो की बसें भी कम ही नजर आ रही हैं।मौनी अमावस्या के दो दिन बाद तक हाथरस में बसों की कमी रहेगी। आगरा–अलीगढ़ व मथुरा–बरेली राजमार्ग के अलावा दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री परिवहन निगम की व्यवस्थाओं को कोसते हुए नजर आए। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हाथरस डिपो इरफान अहमद ने बताया कि पीछे से आने वाली बसों को बस स्टैंड पर रुकवाकर यात्रियों को बैठाया जा रहा है। जब तक बसें कुंभ से नहीं लौट आतीं, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।टुकड़ों में यात्रा करने को मजबूर हुए यात्री बसों की कमी के कारण यात्रियों को टुकड़ों में यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि हाथरस से दिल्ली की यात्रा के लिए यात्री पहले अलीगढ़ या फिर मथुरा पहुंचकर दिल्ली की बसें पकड़ रहे हैं। यही हाल अतरौली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर आदि शहरों के लिए जाने वाले यात्रियों का भी है। आगरा–अलीगढ़ जाने वाले यात्री टेंपो से टुकड़ों में यात्रा कर रहे हैं। अलीगढ़ जाने वाले यात्री पहले टेंपो से सासनी पहुंचते हैं और फिर दूसरा टेंपो पकड़कर अलीगढ़ तक पहुंच पाते हैं। आगरा जाने वाले यात्री पहले सादाबाद पहुंचते हैं, फिर वहां से आगरा जाने का साधन तलाशते हैं।मुझे दिल्ली जाना है। इसके लिए करीब दो घंटे से यहां पर बैठा हूं। कोई बस ऐसी नहीं है, जिसमें घुसने की भी जगह मिल जाए। इंतजार कर रहा हूं कि कोई थोड़ी सी कम भीड़ वाली बस आए तो उससे बैठकर चला जाऊं।विशाल शर्मा निवासी हाथरस।अलीगढ़ जाना है। डिपो से कोई बस निकल नहीं रहीं। पीछे से आने वाली बसों में इतनी भीड़ है कि घुस पाना भी मुश्किल हो रहा है। अब कोई निजी वाहन देख रहा हूं, जो अलीगढ़ की ओर जा रहा हो और उसमें खड़े होने की जगह भी हो।

## गैरकानूनी तरीके से बच्चा गोद लेने व देने बालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या के नेतृत्व में विकासखंड सादाबाद में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक एवं स्वावलम्बन कैम्प (महिला एवं बाल सभा) क्षमता संवर्द्धन, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उनके द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही है मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं बाल संरक्षण आदि योजनाओं को बाल हित में बहुत ही उपयोगी बताया साथ ही बच्चों से संबंधित समस्त विभागों से अपील की कि बाल हित के लिए सभी आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का लाभ ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करें तथा लड़का लड़की में कोई भेदभाव ना समझे उनको संस्कारबान बनाएं और उच्च शिक्षा दिलाएं जाने के साथ बाल संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। महिला कल्याण विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों , आशाओं, को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, बालश्रम, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, निराश्रित महिला पेंशन, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0



(1098) के साथ दत्तक ग्रहण योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नि. संतान दंपत्ति यदि बच्चा गोद लेना चाहते हैं तो वह विभाग की कारा वे. बसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर बच्चे लेने की कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करें तब बच्चा गोद ले अन्य किसी माध्यम या दलाल से बच्चा ना लें यदि गैर कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेते हैं तो संबंधित माता–पिता एवं बच्चों देने और लेने वाले के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक मनीषा भारद्वाज वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सहायता एवं पुलिस सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसके साथ पोक्सो अधिनियम 2012, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, कन्या सुमंगला योजना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, की जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे निशुल्क हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 102 (स्वास्थय सेवा), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) इत्यादि नम्बरों के बारे में अवगत कराया गया।यूनिसेफ से राकेश कुमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण महावीर सिंह, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सोनू आर्य, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम किशन सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डा० सुमित चौहान, सुपरवाइजर आईसीडीएस विमला देवी, बेसिक शिक्षा विभाग से रा. जेन्द्र कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता बंटी, मोहित कुमार एवं विकासखंड की आंग. नवाड़ी कार्यकर्ती, आशाऐ एवं समूह सखी उपस्थित रही।

## हाथरस में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए इगलास रोड स्थित प्रताप चौराहे पर अवैध रूप से चल रहे एक अस्पताल को बंद करा दिया।

हाथरस में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए इगलास रोड स्थित प्रताप चौराहे पर अवैध रूप से चल रहे एक अस्पताल को बंद करा दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. एमआई आलम के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में पाया गया कि अलीगढ़ हॉस्पिटल के नाम से चल रहे इस केंद्र में न तो कोई प्रशिक्षित डॉक्टर था और न ही योग्य मेडिकल स्टाफ।जांच में सामने आया कि एक मकान में चल रहे इस अवैध अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर और लैब की सुविधाएं थीं, जहां झोलाछाप मरीजों का इलाज करने के साथ–साथ विभिन्न जांचें और प्रसव भी करवाते थे।छापेमारी के समय एक गभ. 'वती महिला भी भर्ती मिली, जिसे तत्काल जिला महिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मांगा, तो मौजूद कर्मचारी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके।आगे की कार्रवाई में जुटी टीमडिप्टी सीएमओ डॉ. आलम ने बताया कि अस्पताल एक मकान के एक हिस्से में संचालित था। इसे तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है। संचालक को नो. टिस जारी किया जाएगा और नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हाथरस में भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने आज मीतई .स्थित विद्युत प्रवर्तन दल कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

हाथरस में भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने आज मीतई स्थित विद्युत प्रवर्तन दल कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान संगठन ने विद्युत विजिलेंस टीम पर अवैध छापेमारी और जबरन वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। यूनियन के पदाधिकारियों का आरोप है कि विद्युत विभाग की टीमें बिना किसी वजह गांवों में छापेमारी कर रही हैं। म. हलाओं के साथ अशोभनीय व्यवहार कर रही हैं।उन्होंने बताया कि टीमें अवैध वसूली करती हैं। भुगतान से इनकार करने वालों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर रही हैं। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार को किसान नेताओं ने ज्ञापन सौंपा।भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहींउन्होंने चेतावनी दी कि अगर विद्युत चोरी के फर्जी मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो 12 फरवरी को बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान नेताओं ने यह भी बताया कि विजिलेंस कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। विडंबना यह है कि खुद कार्यालय में बिना मीटर के बिजली का उपयोग हो रहा है।आगरा रोड स्थित विद्युत विजिलेंस कार्यालय



एकत्रित हुए भाकियू कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि विभाग की मनमानी और भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण
और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही
है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई
जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो
रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे
विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी
दे या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर
राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र
भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने
आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा
जाएगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# महाविद्यालय की परीक्षा में नकल के लिए अवैध वसूली का आरोप



कासगंज में विष्णु भगवान महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र ने परीक्षा केंद्र सुखदेवीमहाविद्यालय पहाड़पुर माफी पर परीक्षा में नकल कराने हेतु अवैध वसूली का आरोप लगाया है। आरोप है कि नकल के लिए पैसे न देने पर छात्र के साथ सोमवार 27 जनवरी को सुबह करीब 10.30 बजे मारपीट भी की गई है। पीड़ित छात्र ने जिलाधिकारी कासगंज को प्रार्थना पत्र देकर मामले की गंभीरता से अवगत कराने के साथ चिकित्सीय परीक्षण हेतु अनुरोध किया है। छात्र ने विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया कि परीक्षा के दौरान नकल के लिए रकम मांगी गई। रकम न देने पर उसके साथ मारपीट कर जेब में रखे 800 रुपए निकाल लिए और जान से मारने की धमकी भी दी गई। साथ ही परीक्षा में छात्र की ओएमआर शीट को गलत भर दिए जाने की भी धमकी मिली है। घबराकर छात्र ने सहायता हेतु डायल 112 को सूचना देकर सहायता हेतु बुलाया। मारपीट करने वालों के नाम की जानकारी छात्र को बाद में हो गई है।

## कासगंज सपा सांसद बोले-भाजपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी, अब बनेगी पीडीए सरकार

कासगंज,समाजवादी युवजन सभा ने सोरों के खैरपुर गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सांसद देवेश शाक्य, पटियाली विधायक समेत बड़ी तादाद में समाजवादी नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सपा नेताओं ने बीजेपी सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला। 2027 में सपा की सरकार बनने का दावा किया।समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष रवि यादव के नेतृत्व में हुई पीडीए चर्चा के मुख्य अतिथि सांसद देवेश शाक्य, पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, पूर्व मंत्री मानपाल , सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व विधायक हसरत उल्ला शेरवानी रहे। सांसद शाक्य ने कहा कि बीजेपी सरकार पिछड़ा वर्ग, दलित, अल्पसंख्यको की कट्टर विरोधी है। सर्व समाज के लोग केंद्र और प्रदेश की सरकार से ऊब चुके हैं। किसान, गरीब महंगाई के चलते परेशान है। 2027 में सपा की सरकार बनेगी। जनता ने पूरी तरह से मूड बना लिया है। विक्रम सिंह यादव ने कहा बीजेपी सरकार किसान वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रही है। किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। नौजवान, बरोजगार परेशान है। पीडीए के महापुरुषों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जाती है। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के खिलाफ संसद में अभद्र टिप्पणी की गई ।जिससे दलित समाज हीं नहीं बल्कि हर वर्ग के लोगों में आक्रोश है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सर्व समाज को काफी सम्मान दिया है। जनता का झुकाव समाजवादी की ओर है। उन्होंने बताया कि पीडीए चर्चा कार्यक्रम सभी सेक्टरों पर आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक जीनत खान, विनय कुशवाहा, चरन सिंह यादव, रफत मुनीर, जान मोहम्मद कार्यक्रम, जाहिर अहमद, जान मोहम्मद, चाहत मियां, शान मोहम्मद, कैलाश यादव, उमेश चंद्र, हरीश जाटव, विनोद बघेल, मुनेंद्र शाक्य, दिनेश शाक्य, प्रमोद यादव, सोनू भंडारी, गौरव बघेल, सन्तोष यादव, टिंकूराजपुत,अबरार अहमद, देव प्रकाश लोधी , विनीत सविता, रीना वर्मा,राजकुमार यादव, आदि मौजूद रहे।

## कासगंज रोडवेज बस में पहले खिलाया .नशीला पदार्थ...फिर जहरखुरानी गिरोह 40 हजार लेकर फरार

कासगंज,। गुड़गांव से शाहजहांपुर अपने गांव जा रहा एक 19 वर्षीय युवक कासगंज में जहरखुरानी का शिकार हो गया। उसे रोडवेज पुलिस ने बेहोशी की हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की सूचना पर युवक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। जहरखुरानी गिरोह के सदस्य युवक के पास रखी 40 हजार रुपए की नकदी, मोबाइल और बैग लेकर फरार हो गए।शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार क्षेत्र के गांव कोहलवाड़ा निवासी जयप्रकाश पुत्र बाबूराम बीते कई वर्षो से गुड़गांव में रहकर मजूदरी करता है। वह अपने घर आने के लिए कासगंज रोडवेज बस में सवार हो गया। इसी बीच जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने अपने जाल में फंसाकर उसको नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे वह बेहोश होकर सीट पर लेट गया। रविवार की सुबह छह बजे बस कासगंज बस स्टैंड पर आकर खड़ी हुई थी, सभी यात्री उतर कर चले गए, लेकिन जयप्रकाश सीट पर ही पड़ा रहा। चालक परिचालक को समझते देर नहीं लगी और उन्होंने इस मामले की जानकारी बस स्टैंड पुलिस चौकी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ई–रिक्शा के माध्यम से जहरखुरानी का शिकार जयप्रकाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पुलिस ने युवक के परिजनों को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। जानकारी मिलते ही युवक को भाई बिजेंद्र जिला अस्पताल में पहुंच गया। उन्होंने बताया कि जयप्रकाश गुडगांव में मजदूरी करता था। वह घर वापस आ रहा था। जहरखुरानों ने अपना शिकार बना लिया। जहरखुरान उसके पास रखी 40 हजार रुपए की नकदी, एक मोबाइल और बैग लेकर चंपत हो गए।

## कासगंज लेखपाल संघ चुनाव- डीएम से मांगा गया पांच फरवरी को अवकाश

कासगंज, द्विवार्षिक चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की कासगंज शाखा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पांच फरवरी को आकस्मिक अवकाश किए जाने की मांग की गई। विधिवत रूप से चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो सके है।कासगंज जिले में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का हर वर्ष चुनाव होता है। इस वर्ष भी कासगंज जिले में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव होना है। ये चुनाव 5 फरवरी को होना तय माना जा रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने जिलाधिकारी मेधा रुपम से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पांच फरवरी को चुनाव के लिए आकस्मिक अवकाश देने की मांग गई। जिलाधिकारी ने लेखपाल के ज्ञापन पर अवकाश घोषित करने की अनुमति प्रदान की है। लेखपाल संघ के नेता दीपक सक्सेना ने बताया कि यह चुनाव पटियाली तहसील में किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त लेखपालों की चुनाव में भागीदारी जरूरी है।

## यूनिफाइड पेंशन स्कीम का पुरजोर विरोध किया एवं सभी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बढ़ाने को लेकर किया समर्थन




आज दिनांक 28 जनवरी सन 2025 को यूनिफाइड पेंशन स्कीम के गजट का पुरूजोर विरोध करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासगंज पर सभी स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारियों ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम का पुरजोर विरोध किया एवं सभी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बढ़ाने को लेकर अपना समर्थन दिया यूपीएस में काम सेवा अवधि में आने वाले समस्त कर्मचारियों का अनुपाती के भुगतान एवं पेंशन जो कि ना के बराबर है से रिटायरमेंट के बाद का जीवन चलाना कितना दुखदाई रहेगा इसका अनदेखा समस्त कर्मचारियों को है समस्त कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को उठाया है और सरकार से अपील की है कि उन्हें पुरानी पेंशन से अलावा कुछ और नहीं चाहिए धन्यवादकरते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासगंज पर सभी स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारियों ने यूनिफाइड पेंशन का पुरजोर विरोध किया एवं समस्त कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अपना समर्थन दिया और यूनिफाइड पेंशन स्कीम की प्रतिलिपियों को जलाकर यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में आंदोलन में हिस्सा लिया और सरकार से अपील की के उन्हें पुरानी पेंशन बहाल की जाए इससे काम कुछ नहीं क्योंकि पुरानी पेंशन हम सभी कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है और हमारा अधिकार भी इस आंदोलन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करके निम्न कर्मचारियों ने सहयोग दिया श्री सुशील कुमार फार्मासिस्ट श्री संजीव कुमार अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ कासगंज सौरभ कुमार नीरज कुमार रजनीश भारती ललित मोहन अंजुल शर्मा पूरन सिंह हरीश कुमार नीलम एस चरण अनुग्रह भावना श्रीमती ममता सुमन सरोज कुमारी दिनेश कुमार अरविंद कुमार संजीव कुमार इत्यादि ने सहयोग किया

## यूपीएस एवं एनपीएस को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में कड़ा आक्रोश

कासगंज–संवावदाता अमित कुमार




कासगंज/ बीती पिछली काफी बरसों से शिक्षक एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं और बड़े–बड़े आंदोलन भी होते रहे हैं लेकिन केन्द्र एवं राज्य सरकारों का ध्यान इस तरफ बिल्कुल नहीं जा रहा है इस बात पर काफी नाराजगी प्रकट करते हुए मंगलवार को जनपद कासगंज के शिक्षक कर्मचारियों ने सरकार द्वारा जबरदस्ती थोपने वाली एनपीएस एवं यूपीएस पेंशन स्कीम को लेकर अपनी गुस्सा जाहिर करने का नया तरीका अपनाया । अटेवाः एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आहान पर शिक्षक कर्मचारियों ने अपने अपने कार्य स्थल पर एनपीएस और यूपीएस बॉयकॉट और मुर्दाबाद लिखकर उसकी प्रतियां जलाकर सरकार द्वारा जबरदस्ती थोपी गई पेंशन स्कीम को सिरे से अस्वीकार किया है। शिक्षक नेताओं का खुले तौर पर कहना है अगर पुरानी पेंशन लागू नहीं की जाती है तो नेताओं की भी पेंशन बंद होनी चाहिए ।सरकारों का यह भेदभाव पूर्ण रवैया किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु जी के नेतृत्व में जल्द आंदोलन की घोषणा की जाएगी ।जनपद कासगंज में सभी संगठनों एवं समस्त विभागों में आज यू पी एस का विरोध किया गया ।बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा ,स्वास्थ्य विभाग ,लोक निर्माण विभाग, सफाई कर्मचारी, रेलवे, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, लेखपाल संघ ।जिलाध्यक्ष अटेवा कासगंज योगेश यादव ने आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी पेंशनविहीनो ,सभी संघठनो के नेताओं का आभार ब्यक्त किया साथ ही राजधानी में होने बाले एन पी एस यू पी एस के विरोध में होने बाले संघर्ष के लिये तैयार रहने की अपील की।

### जिला विज्ञान क्लब ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया कार्यक्रम

कासगंज, । जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब की तरफ से कलेक्ट्रेट परिसर में विद्यार्थियों को टेलीस्कोप से आकाश में ग्रहों को दिखाया गया। जिसे देख विद्यार्थी रोमांचित हुए और आकाश के नजारे को मोबाइल में कैद किया। विद्यार्थियों को कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंचाने के लिए एआरटीओ मिश्र द्वारा बस की व्यवस्था की गई थी। जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब एवं जनपदीय नवाचार समिति सचिव डॉ. जयंत गुप्ता ने बताया प्रगति विज्ञान संस्थान के निदेशक विज्ञान गुरु डॉ. दीपक शर्मा मेरठ और उनकी टीम द्वारा तीन टेलिस्कोप की सहायता से विद्यार्थियों को छह ग्रहों का अवलोकन कराया गया।दीपक शर्मा पृथ्वी से सूरज की दूरी मापने वाले एवं विश्व का पहला रियलिटी शो विज्ञान घर का निर्माण करने वाले विश्व के पहले व्यक्ति हैं। एनआर पब्लिक स्कूल, श्री गणेश इंटर कॉलेज, एसजेएस पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल, एमडी पब्लिक एकेडमी, जेपी पब्लिक एकेडमी और सेठ एमआर जयपुरिया के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप से आकाश में ग्रहों की स्थिति को देखा गया और खगोल परिस्थितियों को जाना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी अनेगसिंह, उप जिलाधिकारी कोमल पवार, उप जिलाधिकारी विनोद जोशी, प्रधानाचार्य एचपी एन दुबे, रोहिणी गोले, कृष्ण पाल सिंह यादव, मोह प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### कस्बे की यूनियन बैंक वाली गली में गंदगी और जलभराव ने लोगों का जीना दूभर

कासगंजध्ढोलना, कस्बे की यूनियन बैंक वाली गली में गंदगी और जलभराव ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। नालियां चौक होने की वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे गली में आने–जाने वाले छात्र–छात्राओं और अन्य राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैछात्र–छात्राओं को हो रही परेशानीगंदे पानी से भरी गली में स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। उनकी स्कूल ड्रेस खराब हो जाती है, जिससे अभिभावकों में भी नाराजगी है। यह समस्या न केवल बच्चों के लिए बल्कि गली से गुजरने वाले हजारों लोगों के लिए भी मुसीबत बन गई है ।संक्रामक रोगों का खतराजलभराव से दुर्गंध और गंदगी की वजह से आसपास के निवासियों में संक्रामक रोगों के फैलने का डर है। लोगों का कहना है कि वह अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूरी में मुंह पर कपड़ा लगाकर चल रहे हैं ।स्थानीय प्रशासन से शिकायतगली के निवासियों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले दो महीनों से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कई बार ग्राम प्रधान और प्रशासन से सफाई कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालिय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा